Image

Part - 3

Sub. - Hindi

Class - 7th

निबन्ध

समाचार पत्र

समाचार-पत्र आधुनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। हम सुबह-सुबह समाचार-पत्र की उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं। समाचार पत्र मिलते ही हम, उस पर हम टूट पड़ते हैं।

समाचार पत्र अनेक प्रकार के होते हैं–जैसे दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, और मासिक। समाचार पत्र बहुत उपयोगी है। यह कई उद्देश्यों की पूर्ति करता है। ये हमें आज की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों और विचारधाराओं से परिचित कराते हैं। इसमें चलचित्रों, वैवाहिक, व्यापारिक और नौकरी से संबंधित विज्ञापन भी होते हैं।

भारत में हिंदी के अतिरिक्त बंगला, उर्दू, मराठी, तमिल, तेलगु, कन्नड़, गुजराती, पंजाबी और अंग्रेजी में भी समाचार-पत्र निकलते हैं। ये हमें विभिन्न प्रकार की खबरें देते है। यह हमें ताजा घटनाओं के बारे में सूचना देती है। यह हमें बताता है कि संसार के विभिन्न भागों में क्या हो रहा है। इसमें खेलकूद की खबरें रहती है। इसके माध्यम से हमें मौसम तथा बाजार-भाव की भी जानकारी मिलती है। इसमें अनेक विषयों पर लेख भी प्रकाशित किए जाते हैं। इसलिए समाचार पत्र हमारे शिक्षा का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। हम इससे तरह-तरह की सूचनाएँ प्राप्त करते हैं। वस्तुतः हम समाचार-पत्र के बिना काम नहीं चला सकते।

समाचार-पत्र दोषों से मुक्त नहीं होता। यह कभी-कभी गलत समाचार भी फैलाता है। यह घटना का वास्तविक विवरण नहीं दे पाता। कुछ समाचार पत्र साम्प्रदायिकता की आग को हवा देते हैं जिससे समाज में विलगाव और विद्रोह की भावना जाग्रत होती हैं। हमें ऐसे अफवाहों से बचना चाहिए। दोषों के रहते हुए भी समाचार-पत्र का हमारे जीवन में बहुत महत्त्व है। हमें समाचार पत्रों को रोज़ पढ़ना चाहिए और पढ़कर उससे लाभ उठाना चाहिए।